कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक -गोपनीय/2021/655 दिनांक - 02 सिम्बर, 2021

प्रेस विज्ञप्ति/सूचना

कुमाऊँ विश्वविद्यालय की सम-सेमेस्टर (Even Semester) एवं वार्षिक पद्धति से आच्छादित विद्यार्थियों हेतु आयोजित होने वाली परीक्षाओं एवं कोविड-19 की विषम परिस्थितियों के कारण विलम्ब से चल रहे शैक्षिणिक सत्र के नियमन के सम्बन्ध में माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में आज दिनांक 02.09.2021 को विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में एक अति आवश्यक बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्नांकित निर्णय लिये गये -

1. विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक अन्तिम सेमेस्टर/स्नातकोत्तर अन्तिम सेमेस्टर/स्नातक अन्तिम वर्ष (Passing Out Batch) की परीक्षायें जो पूर्व में दिनांक 01 सितम्बर, 2021 से आयोजित की जानी प्रस्तावित थी तथा इन्हें कतिपय कारणों से स्थगित किया गया था। अब ये परीक्षायें छात्रों के भविष्य के दृष्टिगत व्यापक छात्रहित में दिनांक 10 सितम्बर, 2021 से प्रारम्भ की जायेंगी। इस सन्दर्भ में संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर दिनांक 03.09.2021 को अपलोड किया जायेगा।
2. कुमाऊँ विश्वविद्यालय की वार्षिक पद्धति से आच्छादित स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की परीक्षायें दिनांक 04 अक्टूबर, 2021 से प्रारम्भ की जायेंगी।
3. कोविड-19 की विषम परिस्थितियों के कारण विलम्ब से चल रहे शैक्षणिक सत्र को नियमित करने के दृष्टिगत कुमाऊँ विश्वविद्यालय के नियमित व व्यवसायिक पाठ्यक्रमों (Regular and Professional Courses) के अन्तरिम सम-सेमेस्टर (Intermediate Even Semester) स्नातक (द्वितीय सेमेस्टर, चतुर्थ सेमेस्टर इत्यादि)/स्नातकोत्तर (द्वितीय सेमेस्टर इत्यादि) के विद्यार्थियों की परीक्षा पृथक से सम्पादित नहीं करायी जायेगी तथा इनके परीक्षाफल विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर घोषित किये जायेंगे।
4. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ऐसे पाठ्यक्रम जो किसी नियामक संस्था के नियमों से आच्छादित/संचालित होते हैं, ऐसे समस्त पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उपरोक्त मानक लागू नहीं होंगे। ऐसे समस्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं एवं परीक्षाफल के सम्बन्ध में सम्बन्धित नियामक संस्था द्वारा निर्धारित नियम (यदि कोई हों) ही प्रभावी होंगे।
5. कोविड-19 की विषम परिस्थितियों के कारण विलम्ब से चल रहे शैक्षणिक सत्र 2021-22 के अन्तरिम विषम सेमेस्टर (Intermediate Odd Semester) के नियमन के दृष्टिगत विश्वविद्यालय के परिसर व सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थानों में आगामी शैक्षणिक सत्र हेतु दिनांक 10 सितम्बर, 2021 से आफलाईन/ऑनलाईन/ब्लेन्डेड मोड के आधार पर नियमित कक्षायें प्रारम्भ की जायेंगी। इस सन्दर्भ में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर विद्यार्थियों का परीक्षाफल घोषित किये जाने की प्रतीक्षा किये बिना ही विद्यार्थियों का आगामी विषम सेमेस्टर का पाठ्यक्रम दिनांक 10 सितम्बर, 2021 से प्रारम्भ किया जाना अनिवार्य होगा।
6. उपरोक्त समस्त परीक्षाओं अथवा नियमित कक्षाओं के संचालन में भारत सरकार एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा कोविड-19 से बचाव के दृष्टिगत समय-समय पर जारी विभिन्न दिशा-निर्देशों का विधिवत पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

परीक्षा नियन्त्रक

पृष्ठांकन सं0 - गोपनीय/2021/655 तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक - 03 सितम्बर, 2021 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें -

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।

प्रतिलिपि - निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

- कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- प्रभारी, वैबसाईट कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
- निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

परीक्षा नियन्त्रक